दिनांक-28फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

खुर्सीपार में डामरीकृत मार्गो के मरम्मत कार्य का महापौर के सदस्यों ने किया भूमिपूजन

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत खुर्सीपार में होने वाले डामरीकृत मार्गो के मरम्मत कार्य का भूमि पूजन आज महापौर परिषद के सदस्यों ने किया। 10 लाख रुपए की लागत से डामरीकृत सड़क के पेंचवर्क रिपेयरिंग कार्य के बाद क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। कार्यक्रम पश्चात वार्ड के नागरिकों का राशनकार्ड भी वितरण किया गया। वार्ड 33 खुर्सीपार के सड़क 12-13 में डामरीकृत सड़क के मरम्मत लिए महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू , जोहन सिन्हा एवं विधायक प्रतिनिधि एकांश बंछोर ने मोहल्ले वासियों के साथ मिलकर भूमिपूजन किया। क्षेत्र की जर्जर हो चुकी सड़क के लिए नागरिकों ने महापौर श्री यादव को ध्यानकर्षण दिलाने के बाद उन्होंने सड़क की समस्या से निजात दिलाने सड़क के मरम्मत कार्य के लिए राशि स्वीकृत कराई अब जल्द ही मरम्मत का कार्य शुरू हो जाएगा। सुबह 11 बजे से आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू , जोहन सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि एकांश बंछोर , एल्डरमेन बबीता भैसारे ने पूजा अर्चना कर विधिवत भूमिपूजन किए और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि शहर सरकार लोगों के मांग के अनुरूप काम कर रही है। महापौर श्री यादव लगातार निगम क्षेत्र का दौरा कर आमजन की समस्याओं को दूर करने लगातार प्रयासरत है।

जनसम्पर्क अधिकारी